पत्रवाहक द्वारा

संख्या-08 / 2017 / 722 / 12-4-17-413 / 2015

प्रेषक,

यतीन्द्र कुमार,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कृषि निदेशक,
उ0प्र0, लखनऊ।

कृषि अनुभाग-4 लखनऊ : दिनॉक : 02 अगस्त, 2017

विषय:- स्व0 जान मोहम्मद अन्सारी, सेवानिवृत्त सहायक विकास अधिकारी, कार्यालय जिला कृषि रक्षा अधिकारी, लखीमपुर-खीरी की चिकित्सा में व्यय हुई धनराशि की प्रतिपूर्ति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृषि निदेशालय, उ0प्र0 के पत्र संख्या-ए0बी0-(2) / 214 / कृ0र0-201, दिनॉक 13-06-2017 द्वारा शासन को प्राप्त प्रस्ताव के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल, उ0प्र0 सरकारी कर्मचारी चिकित्सा परिचर्या नियमावली, 2011 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत श्री जान मोहम्मद अन्सारी का प्रदेश के बाहर श्री महन्त इन्द्रेश हास्पिटल, देहरादून में दिनॉक 21-05-2013 से दिनॉक 08-09-2013 तक करायी गयी चिकित्सा में व्यय हुई कुल धनराशि रू0 9,15,556 / - (रूपये नौ लाख पन्द्रह हजार पॉच सौ छप्पन मात्र) की प्रतिपूर्ति किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2- यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि संबंधित बिलों का भुगतान इससे पूर्व नही किया गया है तथा यदि इस निमित्त कोई चिकित्सा अग्रिम स्वीकृत किया गया हो तो उसका समायोजन भी अवश्य कर लिया जाय।

3- प्रस्ताव से संबंधित समस्त प्रमाण पत्र / बिल बाउचर्स मूलरूप में संलग्न है।

4- उपर्युक्त स्वीकृति के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष-2017-18 के अनुदान संख्या-62 के लेखा शीर्ष "2071-पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्त हित लाभ-आयोजनेत्तर-01-सिविल-800-अन्य-04-राज्य सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों तथा राज्य सरकार के अधीन सेवानिवृत्त अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों व उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के विशेष चिकित्सा उपचार हेतु सहायता-402-दिनॉक 08 नवम्बर, 2000 के पश्चात सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों तथा उनके आश्रितो की विशेष चिकित्सा उपचार हेतु सहायता-49-चिकित्सा व्यय" के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

संलग्नक-यथोपरि।

(यतीन्द्र कुमार)
अनु सचिव।

संख्या-08 / 2017 / 722(I) / 12-4-2017, तददिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1) महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
(2) मुख्य चिकित्साधिकारी, लखीमपुर-खीरी ।
(3) कोषाधिकारी, लखीमपुर-खीरी।
(4) श्रीमती शबनम अन्सारी पत्नी स्व0 जान मोहम्मद अन्सारी, निवासिनी-3 / 2199, गली नं0-07, खान आलमपुरा, सहारनपुर-247001;

आज्ञा से,

(यतीन्द्र कुमार)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in